दैनिक भास्कर (Dainik Bhaskar)

दिनाँक (Dated): 13.03.2024	पृष्ठ सं0 (Page No). 20	क्रम सं0(Serial No.) 4

55वां स्थापना दिवस • सीआईएसएफ का स्थापना दिवस पहली बार भिलाई में मनाया गया

सीआईएसएफ बुनियादी ढांचों और नागरिक सुरक्षा में सबसे अहम पैरा मिलिट्री फोर्स : राय

सिटीरिपोर्टर | भिलाई

सीआईएसएफ के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र उतई में मंगलवार को 55 वां स्थापना दिवस मनाया गया। परेड में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय प्रमुख रूप से शामिल हुए। सीआईएसएफ का स्थापना दिवस समारोह और परेड पहली बार उतई भिलाई में आयोजित की गई। राय ने परेड की सलामी ली। राय ने सर्वप्रथम बलिदानी स्मारक पर शूरवीरों को पुष्पांजलि अर्पित की। महानिदेशक नीना सिंह मुख्य अतिथि को मंच तक ले गईं। 406 ने जनरल सैल्यूट देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। आयोजन में सीआईएसएफ महानिदेशक नीना सिंह ने कहा कि प्रत्येक बल सदस्य अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से निभा रहा है। राय ने वार्षिक इन-हाउस प्रकाशन सेंटिनल- 2024 और कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। साय ने कहा देश के बुनियादी ढांचे और नागरिकों सुरक्षा में सीआईएसएफ की भूमिका महत्वपूर्ण है। 11 अफसरों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। राज्यमंत्री पद्मश्री उषा बारले के भिलाई स्थित आवास भी गए, जहां उनसे मुलाकात कर हालचाल जाना।

मंगलवार को आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीआईएसएफ के 11 अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया।

सीआईएसएफ स्थापना दिवस के अवसर पर सीआईएसएफ की कमांडो टीम ने डॉग स्कॉट के साथ मिलकर बड़ी साजिश को नाकाम करने का डेमो प्रदर्शित किया।

सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबलों द्वारा नारी शक्ति का प्रदर्शन किया गया।